**Series FH4GE**

**Set - 2**

रोल नं.
**Roll No.**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **32/4/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| **नोट / Note** | |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21+1** मानचित्र हैं।<br>Please check that this question paper contains **21** printed pages + **1** Map. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं।<br>Please check that this question paper contains **37** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**<br>**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it**. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।<br>15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

^

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

1. *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च**।*
3. ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*
4. ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
5. ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
6. ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
7. ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** **केस-आधारित/स्रोत-आधारित** प्रश्न हैं, जिनमें 3 उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*
8. ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या 37 **मानचित्र कौशल आधारित** प्रश्न है, जिसमें दो भाग हैं- **37(i)** इतिहास (**2** अंक) और **37(ii)** भूगोल (**3** अंक)। इस प्रश्न के कुल **5** अंक हैं।*
9. *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** **(20×1 = 20)**

**1.** विकास के निम्नलिखित लक्ष्यों को पढ़िए तथा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र के लक्ष्यों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(i) अनुसंधान के अच्छे अवसर।

(ii) विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के अवसर।

(iii) स्वतंत्रता प्राप्ति के अवसर।

(iv) अच्छे रोजगार के अवसर।

**विकल्प :**

(a) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं।

(b) केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं।

(c) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं।

(d) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं।

^

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

1. *This question paper contains* ***37*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*
2. *Question paper is divided into* ***SIX*** *sections –* ***Section A, B, C, D, E*** *and* ***F****.*
3. ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***20*** *are multiple choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*
4. ***Section B*** *– question number* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***40*** *words.*
5. ***Section C*** *– question number* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***60*** *words.*
6. ***Section D*** *– question number* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer(LA) type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***120*** *words.*
7. ***Section E*** *– question number* ***34*** *to* ***36*** *are* ***Case-based/Source-based*** *questions with three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*
8. *In* ***Section F*** *– question number* ***37*** *is* ***Map skill based*** *question with two parts –* ***37(i)*** *History (****2*** *marks) and* ***37(ii)*** *Geography (****3*** *marks). This question carries total* ***5*** *marks.*
9. *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for the Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by the Visually Impaired Candidates only.*

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **(20×1 = 20)**

**1.** Read the following developmental goals and choose correct option of goals related to a student studying in university. **1**

(i) Good opportunities for research.

(ii) Opportunities to pursue higher education abroad.

(iii) Opportunities for independence.

(iv) Opportunities for good employment.

**Options :**

(a) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

(b) Only (ii), (iii) and (iv) are correct.

(c) Only (i), (ii) and (iv) are correct.

(d) Only (i), (iii) and (iv) are correct.

2. डिजिटल प्रौद्योगिकी के विकास ने वैश्वीकरण को बहुत प्रभावित किया है। निम्नलिखित में से इसका कौन–सा मुख्य लाभ है ? **1**

(a) संचार लागत में वृद्धि

(b) सूचना तक सीमित पहुंच

(c) बढ़ी हुई संयोजकता

(d) लेन–देन की धीमी गति

3. ऋण के निम्नलिखित स्रोतों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और ऋण के औपचारिक स्रोतों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(i) व्यावसायिक बैंक (ii) जमींदार

(iii) सरकार (iv) साहूकार

**विकल्प :**

(a) (i) और (iii) सही हैं। (b) (ii) और (iv) सही हैं।

(c) (i) और (ii) सही हैं। (d) (ii) और (iii) सही हैं।

4. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **क्षेत्रक** | **प्रयुक्त मानदंड** |
|---|---|
| • प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक | ................. |
| • संगठित तथा असंगठित क्षेत्रक | रोजगार गतिविधियों की प्रकृति |

**विकल्प :**

(a) सामाजिक गतिविधियों की प्रकृति

(b) राजनीतिक गतिविधियों की प्रकृति

(c) उत्पादन गतिविधियों की प्रकृति

(d) सरकारी गतिविधियों की प्रकृति

5. अर्थव्यवस्था के क्षेत्रकों के संदर्भ में निम्नलिखित विकल्पों में से विषम विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(a) पायलट, ड्राइवर, माली

(b) मछुआरा, शिक्षक, वकील

(c) इंजीनियर, प्रोफेसर, किसान

(d) डॉक्टर, शिक्षक, वकील

6. विश्व बैंक की विकास रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस आधार पर तैयार की जाती है ? **1**

(a) प्रति व्यक्ति आय

(b) स्वास्थ्य सेवाएं

(c) साक्षरता

(d) स्वतंत्रता

**2.** The growth of digital technology has greatly influenced globalization. Which of the following is its main benefit ? **1**

(a) Increased Communication Cost
(b) Limited Access to Information
(c) Enhanced Connectivity
(d) Slower Transaction Speed

**3.** Read the following sources of loan carefully and choose the correct option related to formal sources of credit. **1**

(i) Commercial Bank (ii) Landlords
(iii) Government (iv) Money Lender

**Options :**

(a) (i) and (iii) are correct. (b) (ii) and (iv) are correct.
(c) (i) and (ii) are correct. (d) (ii) and (iii) are correct.

**4.** Choose the correct option to fill the blank : **1**

| **Sector** | **Criteria Used** |
|---|---|
| • Primary, Secondary and Tertiary | ................. |
| • Organized and Unorganized Sectors | Nature of Employment Activities |

**Options :**

(a) Nature of social activities
(b) Nature of political activities
(c) Nature of production activities
(d) Nature of government activities

**5** Choose the odd one out from the following options regarding the sectors of economy : **1**

(a) Pilot, Driver, Gardener
(b) Fisherman, Teacher, Lawyer
(c) Engineer, Professor, Farmer
(d) Doctor, Teacher, Lawyer

**6.** The World Bank's development report is prepared on the basis of which of the following : **1**

(a) Per Capita Income
(b) Health Services
(c) Literacy
(d) Freedom

**7.** नीचे दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**कुछ देशों के आँकड़े**

| देश | सकल राष्ट्रीय आय (स.रा.आ.) प्रति व्यक्ति (2017 क्रय शक्ति क्षमता) अमेरिकी डॉलर में | जन्म के समय संभावित आयु | लोगों की विद्यालयी औसत आयु 25 वर्ष या उससे अधिक | विश्व में मानव विकास सूचकांक (HDI) का क्रमांक (2021-22) |
|---|---|---|---|---|
| A | 12,578 | 76.4 | 10.8 | 73 |
| B | 6,590 | 67.2 | 6.7 | 132 |
| C | 3,851 | 65.7 | 6.4 | 149 |
| D | 4,624 | 66.1 | 4.5 | 161 |
| E | 3,877 | 68.4 | 5.1 | 143 |
| F | 5,472 | 72.4 | 7.4 | 129 |

निम्नलिखित में से किस देश की उच्च प्रति व्यक्ति आय, जन्म के समय संभावित आयु और मानव विकास सूचकांक में उच्च क्रम है ? **1**

(a) A (b) C
(c) E (d) F

**8.** भारत में स्थानीय स्वशासन प्रणाली में महिलाओं के लिए 33% के प्रतिनिधित्व का संविधान संशोधन किस वर्ष में किया गया ? सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(a) 1990 (b) 1984
(c) 1992 (d) 1988

**9.** एक लोकतांत्रिक देश में सरकार नागरिकों और विशेषज्ञों की सहायता से पर्यावरण के अनुकूल नीतियों को अपनाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा इस प्रक्रिया का प्रमुख सकारात्मक परिणाम है ? **1**

(a) सरकार नीतियों के निर्धारण में सक्षम है।
(b) नागरिक नीतियों के निर्धारण में स्वयं को सशक्त महसूस करते हैं।
(c) कॉर्पोरेट नीतियों के निर्धारण में अपने हितों की रक्षा करते हैं।
(d) बाज़ार की शक्तियाँ भी अपने हितों के लिए सरकार को प्रभावित करती हैं।

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ? **1**

| | सूची-I (क्षेत्रीय दल) | | सूची-II (क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| (a) | राष्ट्रीय जनता दल | – | उत्तर प्रदेश |
| (b) | जनता दल (सेक्यूलर) | – | बिहार |
| (c) | राष्ट्रीय लोक दल | – | असम |
| (d) | बीजू जनता दल | – | ओडिशा |

**7.** Read the table given below carefully and answer the question that follow :

**Data of few Countries**

| Country | Gross National Income (GNI) per capita (2017 PPP) in US $ | Life Expectancy at birth | Mean Years of Schooling of People aged 25 and above | HDI Rank in the world (2021-22) |
|---|---|---|---|---|
| A | 12,578 | 76.4 | 10.8 | 73 |
| B | 6,590 | 67.2 | 6.7 | 132 |
| C | 3,851 | 65.7 | 6.4 | 149 |
| D | 4,624 | 66.1 | 4.5 | 161 |
| E | 3,877 | 68.4 | 5.1 | 143 |
| F | 5,472 | 72.4 | 7.4 | 129 |

Which of the following countries has high per capita income, life expectancy at birth and high rank in human development index ? **1**

(a) A (b) C
(c) E (d) F

**8.** In which year the Constitution amendment providing for 33% representation of women in the local self governance system in India was made ? Choose the correct option : **1**

(a) 1990 (b) 1984
(c) 1992 (d) 1988

**9.** In a democratic country the government adopts environment friendly policies with the help of citizens and experts. Which one of the following is a positive outcome of this process ? **1**

(a) The government is capable of determining policies on its own.
(b) Citizens feel empowered to determine policies.
(c) Corporates protect their own interest in determining policies.
(d) Market forces also influence the government for their interests.

**10.** Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **List-I (Regional Parties)** | | **List-II (Regions)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Rashtriya Janta Dal | – | Uttar Pradesh |
| (b) | Janta Dal (Secular) | – | Bihar |
| (c) | Rashtriya Lok Dal | – | Assam |
| (d) | Biju Janta Dal | – | Odisha |

11. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय लोकतंत्र में सत्ता के क्षैतिज वितरण का उदाहरण है ? 1

(a) केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच शक्ति वितरण।
(b) ग्रामीण और शहरी सरकारों के बीच शक्ति वितरण।
(c) प्रशासन, न्यायालय और सेना के बीच शक्ति वितरण।
(d) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्ति वितरण।

12. भारतीय संघीय संरचना पूरे देश में संतुलित शासन को कैसे बढ़ावा देती है ? निम्नलिखित में सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : 1

(a) राज्यों को सभी मुद्दों पर पूर्ण स्वायत्तता की अनुमति देकर।
(b) केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों की साझेदारी सुनिश्चित करके।
(c) सभी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को केन्द्र सरकार के अधीन करके।
(d) राज्यों की तुलना में स्थानीय सरकारों को अधिक शक्ति देकर।

13. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** बेल्जियम में फ्रेंच-भाषी समुदाय तुलनात्मक रूप से डच-भाषी समुदाय से ज्यादा समृद्ध था।

**कारण (R) :** डच-भाषी समुदाय को बहुत बाद में जाकर आर्थिक विकास और शिक्षा का लाभ मिला। 1

**विकल्प :**

(a) दोनों, (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) दोनों, (A) और (R) सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या **नहीं** करता है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

14. **स्तंभ-I** का मिलान **स्तंभ-II** से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| **स्तंभ-I (खनिज)** | **स्तंभ-II (विशेषता)** |
|---|---|
| A. तांबा | (i) स्टील और पेंट के निर्माण में उपयोग |
| B. बॉक्साइट | (ii) विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों में उपयोग |
| C. अभ्रक | (iii) बिजली के केबल और बर्तनों में उपयोग |
| D. मैंगनीज़ | (iv) ऐलुमिनियम के उत्पादन में उपयोग |

**विकल्प :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (b) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (c) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (d) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**11.** Which of the following is an example of horizontal power sharing in Indian democracy ? **1**

(a) Division of power between Central and State Governments.
(b) Division of power between Rural and Urban Governments.
(c) Division of power among Administration, Judiciary and Army.
(d) Division of power among Legislative, Executive and Judiciary.

**12.** How does the Indian federal structure promote balance governance across the nation ? Choose the most suitable option from the following : **1**

(a) By allowing states to exercise complete autonomy on all issues.
(b) By ensuring a division of power between centre and states.
(c) By allowing all decision making processes under the Union Government.
(d) By giving more powers to local governments in comparison to states.

**13.** Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read both the statements and choose the correct option :

**Assertion (A) :** The French speaking community was rich in comparison to Dutch speaking community in Belgium.

**Reason (R) :** Dutch speaking community got the benefit of economic development and education much later. **1**

**Options :**

(a) Both, (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both, (A) and (R) are correct but (R) is **not** the correct explanation of (A).
(c) (A) is correct but (R) is incorrect.
(d) (A) is incorrect but (R) is correct.

**14.** Match **Column-I** with **Column-II** and choose the correct option : **1**

| **Column-I (Minerals)** | **Column-II (Features)** |
|---|---|
| A. Copper | (i) Used in manufacturing of steel and paints |
| B. Bauxite | (ii) Used in electric and electronic industries |
| C. Mica | (iii) Used in electric cables and utensils |
| D. Manganese | (iv) Used in aluminium production |

**Options :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (b) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (c) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (d) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

15. बॉक्स में दी गई जानकारी की सहायता से फसल की पहचान कीजिए। 1

- यह भारत की एक प्रमुख नकदी फसल है।
- इसकी खेती मुख्य रूप से कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों में की जाती है।
- इसे इसकी विशिष्ट सुगंध के लिए जाना जाता है।

**विकल्प :**

(a) चाय (b) कॉफी
(c) जूट (d) कपास

16. एक शोधकर्त्ता एक मृदा के प्रकार की परख कर रहा है जो ज्वालामुखीय चट्टान के अपक्षय से बनी है और खनिजों में समृद्ध है। निम्नलिखित में से वह किस प्रकार की मृदा है ? 1

(a) लैटेराइट मृदा
(b) जलोढ़ मृदा
(c) काली मृदा
(d) रेगिस्तानी मृदा

17. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. वियना की संधि
II. नेपोलियन युद्ध की शुरुआत
III. प्रशा के राजा विलियम प्रथम को जर्मन सम्राट घोषित करना
IV. विक्टर इमैनुयल द्वितीय को इटली का राजा घोषित करना

**विकल्प :**

(a) I, III, IV और II (b) II, IV, I और III
(c) II, I, IV और III (d) III, II, IV और I

18. दिए गए चित्र को देखिए और निम्नलिखित विकल्पों में से इस चित्र के चित्रकार के नाम की पहचान कीजिए : 1



(a) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(b) अबनीन्द्रनाथ टैगोर
(c) देबीन्द्रनाथ टैगोर
(d) सत्येन्द्रनाथ टैगोर

15. Identify the crop with the help of information given in the box. **1**

- This crop is a major cash crop in India.
- It is cultivated mainly in the states of Karnataka and Tamil Nadu.
- It is known for its aroma.

**Options :**

(a) Tea (b) Coffee
(c) Jute (d) Cotton

**16.** A researcher is examining a soil type which is formed by the weathering of volcanic rock and is rich in minerals. Which one of the following soils is it ? **1**

(a) Laterite soil
(b) Alluvial soil
(c) Black soil
(d) Desert soil

**17.** Arrange the following events in the chronological order and choose the correct option : **1**

I. The Treaty of Vienna
II. The beginning of Napoleonic wars
III. Proclamation of the Prussian King William I as German Emperor
IV. Proclamation of Victor Emmanuel II as the King of Italy

**Options :**

(a) I, III, IV and II (b) II, IV, I and III
(c) II, I, IV and III (d) III, II, IV and I

**18.** Look at the given picture and identify the name of the painter of this painting from the following options : **1**



(a) Rabindranath Tagore
(b) Abanindranath Tagore
(c) Debindranath Tagore
(d) Satyendranath Tagore

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर है।**

1930 में निम्नलिखित में से किसने 'दमित वर्ग एसोसिएशन' का गठन किया ? **1**

(a) बी.एल. यादव (b) सी.आर. दास

(c) एम.आर. जायकर (d) बी.आर. अम्बेडकर

**19.** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए प्रिंट संस्कृति का उपयोग कैसे किया ? निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(a) भारतीय समाचार पत्रों को प्रतिबंधित करके

(b) क्षेत्रीय भाषा के अखबारों को वित्तीय सहायता देकर

(c) स्वतंत्र प्रेस के विकास को प्रोत्साहित करके

(d) पूर्वी संस्कृति के प्रसार के लिए मुद्रण माध्यम का उपयोग करके

**20.** सिल्क मार्ग को पूर्व-आधुनिक व्यापार का एक अच्छा जीवंत उदाहरण क्यों माना जाता है ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(a) रेशम के सामानों की आवाजाही के कारण

(b) चाँदी और सोने के सामानों के प्रवाह के कारण

(c) चीन के आस्ट्रेलिया से जुड़ाव के कारण

(d) व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कारण

## खण्ड – ख

### (अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) (4×2 = 8)

**21. (A)** "संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **2**

**अथवा**

**(B)** "मानव जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संसाधनों का समाज में न्यायसंगत बंटवारा आवश्यक है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **2**

**22.** नारीवादी आंदोलनों ने किस प्रकार सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने में सहायता की ? स्पष्ट कीजिए। **2**

**23.** जीवन की गुणवत्ता के लिए सार्वजनिक सुविधाओं की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। **2**

**24.** यूरोपीय हस्तक्षेप से पहले भारतीय उपमहाद्वीप व्यापारिक नेटवर्क के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण था ? स्पष्ट कीजिए। **2**

## खण्ड – ग

### (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) (5×3 = 15)

**25.** 1991 में लागू की गई व्यापार नीति ने भारत में वैश्वीकरण की प्रक्रिया को किस प्रकार उत्प्रेरित किया ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **3**

^

**Note: The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 18.**

Who amongst the following organised the 'Depressed Class Association' in 1930 ? **1**

(a) B.L. Yadav (b) C.R. Das

(c) M.R. Jayeker (d) B.R. Ambedkar

**19.** How did the British East India Company use Print Culture to promote its interests in India ? Choose the correct option from the following : **1**

(a) By censoring the Indian newspapers

(b) By funding the regional language newspapers

(c) By encouraging the development of independent Press

(d) By using print media to spread eastern culture

**20.** Why was the silk route considered a good example of vibrant pre-modern trade ? Choose the most appropriate option from the following : **1**

(a) Due to movement of silk cargoes

(b) Due to flow of silver and gold

(c) Due to linkage of China with Australia

(d) Due to trade and cultural exchange

## SECTION – B

### (Very Short Answer Type Questions) (4×2 = 8)

**21. (A)** "Planning is the widely accepted strategy for judicious use of resources." Explain the statement. **2**

**OR**

**(B)** "An equitable distribution of resources has become essential for a sustained quality of human life." Explain the statement. **2**

**22.** How did the feminist movements help to enhance the role of women in public life ? Explain. **2**

**23.** Explain the role of public facilities for quality of life. **2**

**24.** Why was the Indian subcontinent significant to trade networks before European intervention ? Explain. **2**

## SECTION – C

### (Short Answer Type Questions) (5×3 = 15)

**25.** How did the trade policy implemented in 1991 stimulated the globalization in India ? Explain with example . **3**

**26.** **(A)** फ्रांसीसी क्रांतिकारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने के लिए उठाए गए कदमों का वर्णन कीजिए। **3**

**अथवा**

**(B)** उन ऐतिहासिक कारकों का वर्णन कीजिए जिन्होंने बाल्कन में राष्ट्रवादी तनावों के उदय में योगदान दिया। **3**

**27.** भारत में कृषि को लाभदायक बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों की परख कीजिए। **3**

**28.** लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। **3**

**29.** भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सरकारी नीतियों की भूमिका की परख कीजिए। **3**

## खण्ड – घ

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **(4×5 = 20)**

**30.** **(A)** असहयोग आंदोलन में गाँधीजी की भूमिका की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** सविनय अवज्ञा आंदोलन भारत में किस प्रकार सभी समुदायों को एक साथ लाने में समर्थ रहा ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **5**

**31.** **(A)** ''भारत में बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए सतत् पोषणीय मार्ग को विकसित करना लाभदायक होगा।'' उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** ''हमें अपने खनिजों के संरक्षण के लिए उनका सुनियोजित एवं सतत् पोषणीय ढंग से प्रयोग करना होगा।'' उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। **5**

**32.** **(A)** ''लोकतंत्र लोगों को प्रजा से नागरिक बनाने की गवाही देता है।'' इस कथन को उपयुक्त तर्कों सहित न्यायसंगत ठहराइये। **5**

**अथवा**

**(B)** ''लोकतंत्र और विकास एक साथ चलते हैं।'' इस कथन को उपयुक्त तर्कों द्वारा न्यायसंगत ठहराइये। **5**

**33.** **(A)** ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** औपचारिक और अनौपचारिक ऋण के स्रोतों में अंतर का विश्लेषण कीजिए। **5**

26. **(A)** Describe the steps taken by French revolutionaries to create a sense of national unity and belonging. **3**

**OR**

**(B)** Describe the historical factors that contributed to the emergence of nationalist tensions in the Balkans. **3**

27. Examine the measures taken by the government to make agriculture profitable in India. **3**

28. Explain the role of opposition in democracy. **3**

29. Examine the role of government policies in promoting economic growth in India. **3**

## SECTION – D

**(Long Answer Type Questions)** **(4×5 = 20)**

30. **(A)** Explain the role of Gandhiji in the Non-cooperation Movement with examples. **5**

**OR**

**(B)** How did the Civil Disobedience Movement able to bring all communities together in India ? Explain with examples. **5**

31. **(A)** "It would be beneficial to develop sustainable way to meet the growing energy demand in India." Support the statement by giving suitable arguments. **5**

**OR**

**(B)** "We have to use a planned and sustainable manner to conserve our minerals." Support the statement by giving suitable arguments. **5**

32. **(A)** "Democracy elevates humans from the status of subject to citizen." Justify the statement with suitable arguments. **5**

**OR**

**(B)** "Democracy and Development go together." Justify the statement with suitable arguments. **5**

33. **(A)** Analyse the role of credit in rural economy. **5**

**OR**

**(B)** Analyse the differences between formal and informal sectors of credit. **5**

## खण्ड – ङ

### (केस–आधारित / स्रोत–आधारित प्रश्न) (3×4 = 12)

**34.** निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**स्थानीय स्वशासन**

स्थानीय शासन का ढाँचा ज़िला स्तर तक का है। कई ग्राम पंचायतों को मिलाकर पंचायत समिति का गठन होता है। इसे मंडल या प्रखंड स्तरीय पंचायत भी कह सकते हैं। इसके सदस्यों का चुनाव उस इलाके के सभी पंचायत सदस्य करते हैं। किसी ज़िले की सभी पंचायत समितियों को मिलाकर ज़िला परिषद् का गठन होता है। ज़िला परिषद् के अधिकांश सदस्यों का चुनाव होता है। ज़िला परिषद् में उस ज़िले से लोक सभा और विधान सभा के लिए चुने गए सांसद और विधायक तथा ज़िला स्तर की संस्थाओं के कुछ अधिकारी भी सदस्य के रूप में होते हैं। ज़िला परिषद् का प्रमुख इस परिषद् का राजनीतिक प्रधान होता है।

इस प्रकार स्थानीय शासन वाली संस्थाएँ शहरों में भी काम करती हैं। शहरों में नगरपालिका होती है। बड़े शहरों में नगर निगम का गठन होता है। नगरपालिका और नगर निगम, दोनों का कामकाज निर्वाचित प्रतिनिधि करते हैं। नगरपालिका प्रमुख नगरपालिका के राजनीतिक प्रधान होते हैं। नगर निगम के ऐसे पदाधिकारी को मेयर कहते हैं।

स्थानीय सरकारों की यह नयी व्यवस्था दुनिया में लोकतंत्र का अब तक का सबसे बड़ा प्रयोग है।

34.1 ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के बीच संबंधों को स्पष्ट कीजिए। 1

34.2 नगर निगम की संरचना नगरपालिका से किस प्रकार भिन्न है ? 1

34.3 स्थानीय सरकार की संरचना लोकतंत्र को कैसे बढ़ावा देती है ? परख कीजिए। 2

**35.** निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**प्रकाशन के नए रूप**

उन्नीसवीं सदी के अंत तक, एक नयी तरह की दृश्य–संस्कृति भी आकार ले रही थी। छापेख़ानों की बढ़ती तादाद के साथ छवियों की कई प्रतियाँ अब बड़ी आसानी से बनाई जा सकती थीं। राजा रवि वर्मा जैसे चित्रकारों ने आम खपत के लिए तसवीरें बनाईं। काठ की तख़्ती पर चित्र उकेरने वाले ग़रीब दस्तकारों ने लेटरप्रेस छापेख़ानों के करीब अपनी दुकानें लगाईं और मुद्रकों से काम पाने लगे। बाज़ार में सुलभ सस्ती तसवीरें और कैलेंडर ख़रीदकर ग़रीब भी अपने घरों एवं दफ़्तरों में सजाया करते थे। इन छपी तसवीरों ने आहिस्ता–आहिस्ता आधुनिकता और परंपरा, धर्म और राजनीति तथा समाज और संस्कृति के लोकप्रिय विचार–लोक को गढ़ना शुरू किया।

## SECTION – E

**(Case-based / Source-based Questions)** **(3×4 = 12)**

**34.** Read the following source and answer the questions that follow :

**Local Self Government**

The local government structure goes right up to the district level. A few gram panchayats are grouped together to form what is usually called a panchayat samiti or block or mandal. The members of this representative body are elected by all the panchayat members in that area. All the panchayat samitis or mandals in a district together constitute the zilla (district) parishad. Most members of the zilla parishad are elected. Members of the Lok Sabha and MLAs of that district and some other officials of other district level bodies are also its members. Zilla parishad chairperson is the political head of the zilla parishad.

Similarly, local government bodies exist for urban areas as well. Municipalities are set up in towns. Big cities are constituted into municipal corporations. Both municipalities and municipal corporations are controlled by elected bodies consisting of people's representatives. Municipal chairperson is the political head of the municipality. In a municipal corporation, such an officer is called the mayor.

This new system of local government is the largest experiment in democracy conducted anywhere in the world.

34.1 Explain the relationship between gram panchayats and panchayat samitis. **1**

34.2 How is the structure of municipal corporation different from municipality ? **1**

34.3 How does the local government structure promote democracy ? Examine. **2**

**35.** Read the source given below and answer the questions that follow :

**New Forms of Publication**

By the end of the nineteenth century, a new visual culture was taking shape. With the setting up of an increasing number of printing presses, visual images could be easily reproduced in multiple copies. Painters like Raja Ravi Varma produced images for mass circulation. Poor wood engravers who made woodblocks set up shop near the letterpresses, and were employed by print shops. Cheap prints and calendars, easily available in the bazaar, could be bought even by the poor to decorate the walls of their homes or places of work. These prints began shaping popular ideas about modernity and tradition, religion and politics, and society and culture.

1870 के दशक तक पत्र-पत्रिकाओं में सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर टिप्पणी करते हुए कैरिकेचर और कार्टून छपने लगे थे। कुछ में शिक्षित भारतीयों की पश्चिमी पोशाक और पश्चिमी अभिरुचियों का मज़ाक उड़ाया गया, जबकि कुछ अन्य में सामाजिक परिवर्तन को लेकर एक डर देखा गया। साम्राज्यवादी व्यंग्यचित्रों में राष्ट्रवादियों का मज़ाक उड़ाया जाता था, तो राष्ट्रवादी भी साम्राज्यवादी सत्ता पर निशाना साधने में पीछे नहीं रहे।

35.1 प्रिंटिंग तकनीक के विकास ने दृश्य संस्कृति को कैसे प्रभावित किया ? **1**

35.2 राजा रवि वर्मा ने भारत में कला के सामूहिक प्रसार में कैसे योगदान दिया ? **1**

35.3 दृश्य संस्कृति ने 19वीं शताब्दी के अंत में सामाजिक परिदृश्य की स्मृति को कैसे आकार दिया ? स्पष्ट कीजिए। **2**

**36.** निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**पवित्र पेड़ों के झुरमुट – विविध और दुर्लभ जातियों की संपत्ति**

प्रकृति की पूजा सदियों पुराना जनजातीय विश्वास है, जिसका आधार प्रकृति के हर रूप की रक्षा करना है। इन्हीं विश्वासों ने विभिन्न वनों को मूल एवं कौमार्य रूप में बचाकर रखा है, जिन्हें पवित्र पेड़ों के झुरमुट (देवी-देवताओं के वन) कहते हैं। इन वन खंडों या बड़े वन के भागों को स्थानीय लोगों द्वारा अछूता छोड़ दिया गया है तथा इनमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप प्रतिबंधित है।

कुछ समाज कुछ विशेष पेड़ों की पूजा करते हैं और आदिकाल से उनका संरक्षण करते आ रहे हैं। छोटानागपुर क्षेत्र में मुंडा और संथाल जनजातियाँ महुआ और कदंब के पेड़ों की पूजा करते हैं। ओडिशा और बिहार की जनजातियाँ शादी के दौरान इमली और आम के पेड़ की पूजा करती हैं। हममें से बहुत से व्यक्ति पीपल और वटवृक्ष को पवित्र मानते हैं।

भारतीय समाज में अनेकों संस्कृतियाँ हैं और प्रत्येक संस्कृति में प्रकृति और इसकी कृतियों को संरक्षित करने के अपने पारंपरिक तरीके हैं। आमतौर पर झरनों, पहाड़ी चोटियों, पेड़ों और पशुओं को पवित्र मानकर उनका संरक्षण किया जाता है। आप अनेक मंदिरों के आसपास बंदर और लंगूर पाएँगे। उपासक उन्हें खिलाते-पिलाते हैं और मंदिर के भक्तों में गिनते हैं। राजस्थान में बिश्नोई गाँवों के आसपास आप काले हिरण, चिंकारा, नीलगाय और मोरों के झुंड देख सकते हैं जो वहाँ के समुदाय का अभिन्न हिस्सा हैं और कोई उनको नुकसान नहीं पहुँचाता।

36.1 पवित्र वन, आध्यात्मिकता और पारिस्थितिकी के आपसी संबंध को कैसे दर्शाते हैं ? **1**

36.2 जनजातियों की प्रथाएं वन संरक्षण को कैसे बढ़ावा देती हैं ? **1**

36.3 वन्य जीव संरक्षण हम सबके लिए महत्त्वपूर्ण क्यों है ? व्याख्या कीजिए। **2**

By the 1870s, caricatures and cartoons were being published in journals and newspapers, commenting on social and political issues. Some caricatures ridiculed the educated Indians' fascination with Western tastes and clothes, while others expressed the fear of social change. There were imperial caricatures lampooning nationalists, as well as nationalist cartoons criticising imperial rule.

35.1 How did the development of printing technology impact visual culture ? **1**

35.2 How did Raja Ravi Varma contribute to the mass circulation of art in India ? **1**

35.3 How did visual culture shape the memory of the 19th century social landscape ? Explain. **2**

**36.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Sacred Groves – a wealth of diverse and rare species**

Nature worship is an age old tribal belief based on the premise that all creations of nature have to be protected. Such beliefs have preserved several virgin forests in pristine form called Sacred Groves (the forests of God and Goddesses). These patches of forest or parts of large forests have been left untouched by the local people and any interference with them is banned.

Certain societies revere a particular tree which they have preserved from time immemorial. The Mundas and the Santhal of Chota Nagpur region worship mahua (Bassia latifolia) and kadamba (Anthocaphalus cadamba) trees, and the tribals of Odisha and Bihar worship the tamarind (Tamarindus indica) and mango (Mangifera indica) trees during weddings. To many of us, peepal and banyan trees are considered sacred.

Indian society comprises several cultures, each with its own set of traditional methods of conserving nature and its creations. Sacred qualities are often ascribed to springs, mountain peaks, plants and animals which are closely protected. You will find troops of macaques and langurs around many temples. They are fed daily and treated as a part of temple devotees. In and around Bishnoi villages in Rajasthan, herds of blackbuck (chinkara), nilgai and peacocks can be seen as an integral part of the community and nobody harms them.

36.1 How do sacred groves show the inter-connectivity of spirituality and ecology ? **1**

36.2 How do tribal practices promote conservation of forests ? **1**

36.3 Why is conservation of wildlife important for all of us ? Explain. **2**

## खण्ड – च

**(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)** **(2+3 = 5)**

**37. (i)** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थान **(A)** और **(B)** के रूप में अंकित किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(a) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ। **1**

(b) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा। **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37(i) के स्थान पर है।**

(a) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ। **1**

(b) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा। **1**

**37. (ii)** भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए :

(a) चेनाब नदी पर बना एक प्रमुख बाँध। **1**

(b) उत्तर प्रदेश स्थित एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र। **1**

(c) कर्नाटक स्थित एक प्रमुख सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क। **1**

(d) ओडिशा स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन। **1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37(ii) के स्थान पर हैं।**

**किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(a) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ चेनाब नदी पर एक प्रमुख बाँध स्थित है। **1**

(b) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है। **1**

(c) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में एक प्रमुख सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क स्थित है। **1**

(d) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है। **1**

## SECTION – F

**(Map Skill Based Question)** **(2+3 = 5)**

**37. (i)** Two places **(A)** and **(B)** have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

(a) The place where the Session of Indian National Congress was held in 1927. **1**

(b) The place where Gandhiji broke the Salt Law. **1**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 37(i).**

(a) Name the place where the Session of Indian National Congress was held in 1927. **1**

(b) Name the place where Gandhiji broke the Salt Law. **1**

**37. (ii)** On the same political outline map of India, locate and label **any three** of the following with suitable symbols :

(a) A major dam on the Chenab river. **1**

(b) Nuclear Power Plant located in Uttar Pradesh. **1**

(c) A major Software Technology Park located in Karnataka. **1**

(d) A major Sea Port located in Odisha. **1**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 37(ii).**

Attempt **any three** questions :

(a) Name the place where the major dam is located on the Chenab river. **1**

(b) Name the place where Nuclear Power Plant is located in Uttar Pradesh. **1**

(c) Name the place where a major Software Technology Park is located in Karnataka. **1**


(d) Name the place where a major Sea Port is located in Odisha. **1**

^

^

**प्रश्न संख्या 37 के लिए मानचित्र**

**Map for Q. No. 37**




✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें